# सेंट एंड्र्यूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092**

**सत्र: 2026-2027**

**कक्षा-दसवीं** **विषय- हिन्दी** **कार्यपत्रिका-7**

**1. निम्नलिखित में से कौन-से वाक्य 'डायरी का एक पन्ना' से मेल खाते हैं?**

(अ) पुरानी सभ्यता के बारे में ज्यादा किस्से-कहानियाँ सुनने को मिलते हैं।

(ब) एक संगठित समाज कृत संकल्प हो तो वह कुछ भी कर सकता है।

(स) यह पाठ हमारे क्रांतिकारियों की याद दिलाता है और देशभक्ति का भाव भरता है।

(द) 26 जनवरी 1930 को गुलाम भारत में पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था।

(क) केवल(अ) (ख) (अ) और(ब) (ग) केवल (द) (घ) (ब), (स) और (द)

**2. किस दिन पहली बार स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ति की गई थी ?**

(क) 26 जनवरी,1930 को (ख) 26 जनवरी, 1931 को

(ग) 15 अगस्त, 1947 को (घ) 15 अगस्त, 1948 को

**3. श्रद्धानंद पार्क में किसने झंडा फहराया था ?**

(क) अविनाश बाबू ने (ख) हरिश्चंद्र ने (ग) सुभाषचंद्र ने (घ) गिरीशचंद्र ने

**4. सुभाष बाबू के जुलूस का भार किस पर था ?**

(क) पुरुषोत्तम राय पर (ख) पूर्णोदास पर (ग) दासगुप्ता पर (घ) अविनाश बाबू पर

**5. शाम को सभा कहाँ होने वाली थी ?**

(क) मोनुमेंट के नीचे (ख) पार्क में (ग) मैदान में (घ) चौक पर

**6. मोनुमेंट के नीचे क्या काम तय था ?**

(क) झंडा फहराने का (ख) स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ने का

(ग) विरोध करने का (घ) (क) (ख) दोनों

**7. सुभाष बाबू के जुलूस को कहाँ रोका गया ?**

(क) चौरंगी पर (ख) मोड़ पर (ग) बड़े बाज़ार में (घ) पार्क में

**8. सुभाष बाबू को पकड़कर कहाँ ले जाया गया ?**

(क) लालबाज़ार लॉकअप में (ख) बड़ा बाजार थाने में

(ग) अस्पताल में (घ) कोलकाता थाने में

**9. सुभाष बाबू के जुलूस में पुलिस क्या कर रही थी ?**

(क) गिरफ्तार कर रही थी (ख) भयानक रूप से लाठियाँ चला रही थी।

(ग) गोलियाँ चला रही थी। (घ) कुछ नहीं कर रही थी।

**10. डॉक्टर दासगुप्ता क्या कर रहे थे ?**

(क) घायलों की देख-रेख का काम (ख) फोटो उतरवाने का काम

(ग) लिखने का काम (घ) (क) (ख) दोनों का काम

**11.निम्नलिखित समास-विग्रहों के समस्तपदों को लिखिए तथा उनके समास का नाम भी बताइए-**

(i) भला और बुरा

(ii) सौ सालों का समूह

(iii) नीला है जो कमल

(iv) दश आननों का समूह

(v) दस हैं आनन (मुँह) जिसके अर्थात् रावण

(vi) देखते ही देखते

(vii) न सफल

(viii) पथ से भ्रष्ट

**12.निम्नलिखित समस्तपदों का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए-**

(i) पीतांबर

(ii) जपमाला

(iii) प्रतिक्षण

(iv) सुबह-शाम

(v) देशभक्ति

(vi) घुड़सवार

(vii) विचारमग्न

(viii) दुख-ताप

(ix) गाय-बैल